Postal Reg. No. : XXXXXXXXX

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 1

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 22

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

4 अगस्त 2016 ई

29 शव्वाल 1437 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

सच्चा ईमान कदापि नहीं उपलब्ध हो सकता
जब तक नबियों का सच्चा अनुपालन और प्रेम धारण न किया जाए।
उपदेश हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

"आत्म शुद्धि बड़ा कठिन स्तर है और मुक्ति का भरोसा आत्म शुद्धि पर निर्भर है। अल्लाह तआला फरमाता है قَدۡ اَفۡلَحَ مَنۡ زَکّٰىہَا (अश्मस: 10) और आत्म शुद्धि केवल ख़ुदा के फज़ल के अतिरिक्त मिल नहीं सकती। यह ख़ुदा तआला का अटल नियम है। لَنۡ تَجِدَ لِسُنَّۃِ اللّٰہِ تَبۡدِیۡلًا (अल्फतह: 24) और उसका कानून जो फज़ल को खींचने के लिए हमेशा निर्धारित है वह यही है कि रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का अनुकरण किया जाए। मगर दुनिया में हज़ारों ऐसे हैं जो कहते हैं कि हम भी ला इलाहा इल्लल्लाह कहते हैं, अच्छे कर्म करते है, बुरे कर्मों से परहेज़ करते हैं। वास्तव में उनका मुद्दा यह है कि उन्हें रसूल के अनुसरण की ज़रूरत नहीं। मगर याद रखो यह बड़ी ग़लती है और यह भी शैतान का एक बड़ा धोखा है कि ऐसे लोगों के दिलों में पैदा करता है। अल्लाह तआला ख़ुद अपनी पवित्र वाणी में आत्म शुद्धि और अल्लाह तआला की मुहब्बत को रसूल के अनुसरण की शर्त से जोड़ें रखा है तो कौन है कि वे दावा कर सके कि स्वत: ही अपनी शक्ति से पवित्र हो सकता हूँ। सच्चा विश्वास और पूर्ण अनुभुति से सच्चा ईमान कदापि नहीं उपलब्ध हो सकता जब तक नबियों का सच्चा अनुपालन और प्रेम धारण न किया जाए। गुनाह को नष्ट करने वाला ईमान और ख़ुदा को दिखा लेने वाला ईमान सिवाय सामर्थवान और भविष्य पर आधारित ज़बरदस्त भविष्यवाणी जो मानवीय शक्तियों और सोच और कल्पना से परे हों, कदापि उपलब्ध नहीं हो सकता। दुनिया अपने सांसारिक व्यापार में जितनी तन्मयता और एकाग्रता से व्यस्त होती और जैसे जान कठिनाई में डालना और ख़तरनाक मुश्किल से मुश्किल कोशिशें अपनी दुनिया के लिए करती है अगर ख़ुदा तआला की तरफ भी इसी तरह की कोशिश से कदम उठाए और इस समय जो एक आसमानी सिलसिला ख़ुदा तआला ने इस उद्देश्य के लिए निर्धारित किया है इसकी ओर आकर्षित हो तो हम विश्वास से कहते हैं कि निश्चित रूप से अल्लाह तआला उनके लिए दया के निशान दिखाने में सक्षम है। मगर वास्तविक बात यह है कि लोग इस पहलू से लापरवाह हैं वरना धार्मिक मामले और कार्य क्या मुश्किल हैं। नमाज़ में कोई मुश्किल नहीं। पानी मौजूद है, ज़मीन सिज्दा करने के लिए मौजूद है। अगर ज़रूरत है तो एक आज्ञाकारी और पवित्र दिल की जिसे अल्लाह की मुहब्बत की एक सच्ची तड़प हो। देखो अगर सारी नमाज़ों को एकत्र किया जाए और उन के समय का मूल्यांकन किया जाए तो शायद एक घड़ी भर में सारी पूरी हो सकें। आख़िर मल के लिए भी जाते हैं। अगर उतना ही मूल्य नमाज़ का उन लोगों के दिलों में हो तो भी यह नमाज़ को अदा कर सकते हैं। मगर अफसोस इस्लाम इस समय बहुत खतरे में है और मुसलमान दरअसल ईमान के नूर से बेनसीब हैं। अगर किसी को एक घातक रोग लग जाए तो कैसी चिंता लग जाती है मगर इस आध्यात्मिक कुष्ठ की किसी को भी परवाह नहीं जिसका अंजाम जहन्नम है।

वास्तव में हमारे पास आना ख़ुदा के सामने जाना है और हमारा सम्मान वास्तव में ख़ुदा और रसूल की वाणी का सम्मान है। निरन्तर छब्बीस साल हुए हैं कि उस ने हमें मामूर किया, मुजद्दिद बनाया और ज़माना की बुराइयों के सुधार के लिए दुनिया में भेजा। और फिर यही नहीं कि केवल हमारा मौखिक दावा हो बल्कि उसने साथ ही साथ अपने हज़ारों ज़बरदस्त निशान भी दिए। नबुव्वत की कसौटी पर भेजा मगर लोगों ने परवाह नहीं की बल्कि उल्टा काफिर कहा। सब से बड़ा काफिर कहा। दज्जाल कहा। हालांकि जिस ख़ुदा ने मुझे भेजा उसने मेरी सत्यता के लिए निशान भी दिखाए। एक नहीं, दो नहीं बल्कि हज़ारों निशान। सांसारिक अदालतों में चाहे कितना ही सख्त से सख्त मुकदमा हो मगर दो-तीन गवाह बीतने पर मृत्युदंड तक भी दी जाती है मगर यहां तो हज़ारों लोग हैं जो हमारे अपने निशान के गवाह हैं। पूर्व से पश्चिम तक कोई जगह नहीं जहां हमारे निशानों की गवाही मौजूद न हो मगर फिर भी इन लोगों ने परवाह नहीं की।

सरकार का छोटा चपरासी लगान की वसूली के लिए आ जाए कोई उसका मुकाबला नहीं करता और अगर करेगा तो सरकार का विद्रोही ठहरता है और सज़ा पाता है मगर खुदाई सरकार की लोग परवाह नहीं करते। ख़ुदा तआला से आने वाले निसन्देह ग़रीबी की पोशाक में होते हैं। लोग उन्हें घृणा और उपहास से देखते हैं। हंसी ठट्ठा करते हैं। मगर अल्लाह तआला फरमाता है

یٰحَسۡرَۃً عَلَی الۡعِبَادِ ۚ مَا یَاۡتِیۡہِمۡ مِّنۡ رَّسُوۡلٍ اِلَّا کَانُوۡا بِہٖ یَسۡتَہۡزِءُوۡنَ

(यासीन: 31) अल्लाह तआला सच्चा है वह झूठ नहीं कहता। वह कहता है कि आदम से लेकर अंत तक जितने भी नबी आए हैं इन सभी से हंसी ठट्ठा किया गया है, लेकिन जब समय बीत जाता है तो लगते हैं प्रशंसा करने। शेख अब्दुल कादिर जिलानी भी लगभग दो सौ युग के उलेमाओं ने कुफ्र का फतवा लगाया था। इब्ने जौज़ी जो समय का मुहद्दिस था उसने एक किताब लिखी और तलबीस इब्लीस उसका नाम रखा और बहुत कुछ कड़वा और अपशब्द उनके पक्ष में इस्तेमाल किया। मगर उनके दो सौ साल बाद उन्हें कैसा पूर्ण और पवित्र सच्चा इंसान माना गया और कैसी स्वीकृति हुई, दुनिया जानती है। यह सिर्फ इन्हीं पर नहीं बल्कि सभी औलिया के साथ यही व्यवहार होता चला आया है।

अत: इसी कसौटी में मुझे भी सारे पंजाब और भारत के उल्मा ने काफ़िर, दज्जाल, अनैतिक, संकीर्णता आदि के भाषण दिए हैं और कहते हैं कि नाऊज़ बिल्लाह में नबियों को गालियां देता हूँ। हालांकि मैं उन सभी नबियों का आदर करता हूँ और उनकी महानता और सच्चाई प्रकट करने के लिए ही मेरा प्रादुर्भाव हुआ है। निश्चय जानो कि अगर मैं ख़ुदा तआला की ओर से नहीं हूँ और मैं ही झूठा हूँ तो सभी नबियों में से किसी की भविष्यवाणी कोई साबित नहीं कर सकता। अगर हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम की मृत्यु का उल्लेख करना गालियां देना है तो सबसे पहले जिसने हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम को गाली दी, वह ख़ुदा है।"

(मल्फूज़ात भाग 5 पृष्ठ 573-574 संस्करण 2003 मुद्रित रबवा)

☆ ☆ ☆

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सम्पादकीय

उन्नत टेकनोलेजी और बच्चे

आधुनिक टेकनोलेजी के बच्चों पर प्रभाव

जैसे-जैसे इंसान उन्नति करता हुआ आधुनिक टेकनोलेजी के क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है इसके सामाजिक और पारिवारिक जीवन में और विशेष रूप से नई पीढ़ी पर गहरे प्रभाव हो रहे हैं। अगर माना जाए तो आज के बच्चों और आज से 30, 40 साल पहले के बच्चों में बहुत अंतर है तो कोई ग़लत बात न होगी सच है कि आधुनिक सुविधाओं ने मानव जीवन को बदल दिया। जिस तरह से आधुनिक तकनीक शुरू हुई है इसी तरह से ख़ुदा तआला ने इस समय के लिहाज़ से पैदा हुए बच्चों के दिमाग़ भी असामान्य बनाए हैं। नई बनने वाले आविष्कार के साथ इन बच्चों की असाधारण कौशल उभरते हैं और यह बहुत जल्दी चीज़ों को समझ जाते हैं।

जब मोबाइल फोन, वीडियो गेम, टीवी, कंप्यूटर आदि नहीं हुए, तब माता-पिता और बच्चों का रिश्ता बहुत क़रीब था। माता पिता का बच्चों के प्रशिक्षण की ओर विशेष ध्यान होता था। मुहल्ले की मस्जिदों में समय पर नमाज़ों में भिजवाना, तरबियती जलसों में भाग लेना, दैनिक कुरआन की तिलावत आदि माता पिता नियमित बच्चों की निगरानी करते उनके दोस्तों पर नज़र रखते कि बच्चों की सोसायटी कैसी है। इसके बाद बच्चे खेल के लिए मुहल्ले के ग्राउंड में नियमित जाते इन दिनों गराउंड आबाद होते थे। बच्चे और युवा मग़रिब की नमाज़ पढ़ने के लिए मस्जिदों में चले जाते। नमाज़ के बाद जलसे होते साथ ही कक्षाएं भी आयोजित होती जिसमें मोहल्ले के बुज़ुर्ग बच्चों को छोटी बातें समझाते कि नमाज़ कैसे पढ़नी है? आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुन्नत क्या थी। बच्चे बड़ों से अपने अपने ज्ञान और समझ के साथ सवाल करते तो बड़े बड़े प्यार से उत्तर देते। मस्जिदों के शिष्टाचार पर चर्चा होती। इस्लाम सुन्दर और प्यारी शिक्षाओं पर बातें होती थीं। इशा की नमाज़ अदा करने के बाद सभी लोग घरों को चले जाते और फिर घरों में बुज़ुर्गों के साथ महफ़िलें जमती थी। उनमें धार्मिक और सांसारिक दोनों बातें होतीं। बड़ा प्यार का माहौल होता था।

समय तेजी के साथ सफर करता हुआ नए नए आविष्कार के दौर में प्रवेश कर गया है जिससे इंसान का इंसान के साथ बच्चों का वयस्कों के साथ और माता पिता के साथ दूरी बढ़ती जा रही है जो चिंता योग्य है। आज यद्यपि कि आधुनिक टेकनोलेजी और आविष्कारों के अनगिनत लाभ हैं लेकिन कुछ नुकसान और हानियां भी पैदा हो रही हैं। बच्चे मोबाइल फोन, वीडियो गेम, और iPad की दुनिया में गुम हो गए हैं। घंटों अपने खेल में व्यस्त हो जाते हैं और आसपास के वातावरण से अनजान न नमाज़ का होश न खाने पीने का, माता पिता बुलाते रहते हैं कोई रिस्पांस नहीं, माता पिता को इस स्थिति में काफी परेशान हैं। इन समस्याओं और चिंताओं को दूर करने के लिए माता पिता को अक्ल और समझ से काम लेना होगा।

पहले बच्चों को घर में दोस्ती और प्यार का माहौल उपलब्ध कराना माता पिता की जिम्मेदारी है। माता पिता को ख़ुद भी त्याग करना होगा एक ओर बच्चे आईपैड खेल रहे होते हैं तो दूसरी तरफ माता पिता भी अपने मोबाइल फोन पर घंटों बातें करते नज़र आते हैं, ऐस प्रकार बच्चों और माता पिता में एक दूरी पैदा हो रही है, इंटरनेट, टेलीविजन , वीडियो गेम और मोबाइल फोन ने मानव जीवन बदल कर रख दिया है, इन आविष्कारों ने हमारे सुंदर पारिवारिक प्रणाली को बुरी तरह प्रभावित किया है, यह बात सही है कि नए नए आविष्कार ने हमें बहुत सी सुविधाएं प्रदान की हैं लेकिन इन के अधिक और नकारात्मक उपयोग ने जीवन शैली बदल कर रख दी है। उनके साथ साथ बच्चों के व्यवहार भी बदल गए हैं। यह बात सही है कि हम बच्चों को आधुनिक आविष्कार से इसलिए परिचय करवाते हैं कि वह आधुनिक आविष्कारों को समझ सकें लेकिन वे परिणाम नहीं निकल रहे। जिनकी हम उम्मीद करते हैं, बच्चे जिद्दी और भावनाओं से खाली होते जा रहे हैं। न माता पिता का सम्मान बाकी रहा और न ही बुजुर्गों का सम्मान उनके दिलों में है यह हमारा दोष है कि हम ने उन्हें आईपैड और मोबाइल फोन की सुविधा आसानी से दे दी हैं और ख़ुद निश्चिन्त हो गए हैं यह बच्चों और खुद माता पिता अपने आप पर अत्याचार कर रहे हैं बच्चों के पास अगर हर चीज़ होगी तो वह क्यों माता पिता के पास आकर बैठेंगे। एक बात बहुत विचारणीय और चिंता योग्य है कि जब बच्चे छोटे होते हैं उनकी उम्र चार से पांच साल तक होती है तो बच्चे माता पिता के बहुत क़रीब होते हैं इस दौरान मां की कोशिश होती है कि बच्चे को कोई ऐसा खिलौना दे दिया जाए कि वह व्यस्त हो खासकर जब बच्चे के हाथ में टेबलेट या टेब हो फिर तो बच्चे का उत्सव हो जाता है और वह इतना व्यस्त हो जाता है कि उसे आसपास के होश नहीं रहता और माँ अपने कामकाज को समाप्त कर लेती है लेकिन बच्चा अपने टैबलेट के साथ खेल में मगन होता है। यह समय बहुत लंबा हो जाता है इस से बच्चे की सोच, स्वास्थ्य और भाषा पर बहुत प्रभाव पड़ता है। इसी तरह वीडियो गेम भी बच्चे के चरित्र और व्यक्तित्व को प्रभावित कर रही होती हैं, यह कृत्रिम चीजें यह वास्तविक जीवन से दूर ले जाती हैं। इसलिए माता-पिता को चाहिए कि वह बच्चे को नियमित एक समय सारिणी बना लें, बच्चों नमाज़ जमाअत के साथ अदा करने के लिए मस्जिदों में अपनी निगरानी में लेकर जाएं, कुरआन की तिलावत नियमित करने की दैनिक हिदायत और ख़ुद भी तिलावत कुरआन नियमित करें। इस तरह बच्चों के साथ कुछ समय निश्चित करें अपने पास बिठाएं। सच, और आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सीरत की घटनाओं को दिलचस्प तरीके से सुनाए और सहाबा की घटनाएं उन्हें बताएं, ख़ुदा तआला से संबंध के ईमान वर्धक घटनाएं बच्चों को सुनाएं, इस के बाद बच्चों को खेल के लिए असर की नमाज़ के बाद ग्राऊंड में भिजवाएं और ख़ुद भी उन के खेल में रुचि लें, इसके अतिरिक्त जो प्रशिक्षण के जलसे मस्जिदों में होते उनमें लेकर जाएं, उनकी स्कूल की पढ़ाई के लिए भी समय निर्धारित करें ताकि वे धार्मिक शिक्षा के साथ सांसारिक ज्ञान के भी विशेषज्ञ बनें।

अब बात रह जाती है मोबाइल फोन और आई पेड और टीवी तो इसके लिए उन्हें समय दें इस मामले में सख्ती न करें बल्कि उन चीजों के साथ उन्हें खेलने दें लेकिन निर्धारित समय तक चाहे वह एक घंटे या डेढ़ घंटा हो इस के लिए माता-पिता को अपने समय का त्याग देना पड़ेगा वरना नई पीढ़ी सांसारिक आविष्कार और टेकनोलेजी की दुनिया में गुम हो जाएगी और हम हाथ मलते रह जाएंगे। कुछ बच्चों को बाग़वानी का जुनून होता है उन की यह इच्छा पूरी करें और उनके साथ उनका शौक पूरा करें।

यह बात पहले बताई जा चुकी है कि वीडियो गेम, कार्टोनज़ और टीवी पर बच्चों की इंग्लिश फिल्में, बच्चों की भाषा और उसकी सोच को बुरी तरह प्रभावित करती हैं उनमें कभी कभी गाली गलोच भी चलती है तो बच्चा गालियां भी सीख लेता है चाहे उन्हें मतलब नहीं भी आता हो। और अंग्रेज़ी स्कूल के वातावरण में गालियां निकालता है। याद रखें बच्चा यह सब स्कूल या पर्यावरण या दोस्तों से नहीं सीख रहा होता। बल्कि वह यह सब कुछ कार्टोनज़ और फिल्मों से सीख रहा होता है कि कोई भी हम में से इनकार नहीं कर सकता कि इन आधुनिक आविष्कारों और प्रौद्योगिकियों ने उन्नति की कई राहें खोलीं हैं। जीवन की बहुत सी आसानियां उन्हीं के कारण हैं अगर उन को सही ढंग से और सोच के साथ प्रयोग किया जाए तो इंसान इस ब्रह्मांड के छिपे ज्ञान के रहस्यों को जानकर अपने पैदा करने वाले रब्ब के और क़रीब हो सकता है और उस की पैदा की हुई इस ब्रह्मांड के कण कण के निर्माण पर आश्चर्य चकित रह जाता है।

एक और महत्त्वपूर्ण बात जिसकी ओर माता पिता को ध्यान देने की बहुत ज़रूरत है वह यह है कि जब हम बच्चे के भोजन का बहुत ख्याल रखते हैं और चिंतित रहते हैं कि यह खाता पीता कम है लेकिन यही माता पिता अपने बच्चे को बर्गर, पीज़ा और जूस और चिपस आदि खाता देखकर ख़ुश होते हैं। हालांकि बच्चा ये चीजें खाकर मोटा हो रहा होता है तब एक तरफ ऐसा भोजन और दूसरा घंटों वीडियो गेम, टीवी, कंप्यूटर, मोबाइल फोन का उपयोग बच्चों को मोटा बनाता है सेहत वाला नहीं बनाता क्योंकि मोटापा एक बीमारी है जो कि कई बीमारियों का कारण बनता है। खासकर शूगर का रोग आजकल अधिक फैल रहा है। इसका कारण अस्वस्थ गतिविधियां हैं। इसके अलावा बच्चे नींद की कमी का शिकार होते हैं। इसके साथ चिड़चिड़ा पन और अवसाद जैसी बीमारी हो जाती है। दूसरे बच्चा न सुबह उठ कर नमाज़ पढ़ते हैं और न ही समय पर स्कूल जाते हैं। इस तरह शैक्षिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित होती हैं। यह ख़तरनाक और चिंतित स्थिति है। माता पिता को इस ओर जल्दी और विशेष ध्यान देने की ज़रूरत है। बच्चों को समय दें और उनके साथ अधिक समय खर्च करें। उन्हें अकेले पन का शिकार न होने दें। उन्हें किसी भी अवसर पर अनदेखी न करें। बल्कि उनकी खुशियों में शामिल हों और सबसे जरूरी और महत्त्वपूर्ण बात यह है कि अपने बच्चों के लिए दुआएं करें। अल्लाह उन्हें धार्मिक और सांसारिक क्षेत्रों में उच्च सफलताओं से सम्मानित और उनका व्यक्तित्व एक उच्च लक्ष्य पाने की ओर अग्रसर हो। उन्हें अपने मुहल्ले और परिवार के बुजुर्गों के साथ उनका परिचय कराएं। आजकल अल्लाह की कृपा से एम.टी ए की नेअमत हमारे घरों में मौजूद है। यह भी आधुनिक टेकनोलेजी का चमत्कार है। एम टी ए पर हमारे प्यारे हुज़ूर के ख़ुत्बे नियमित बच्चों को अपने पास बैठाकर सुनवाएँ और बाद में बच्चों को प्यारे इमाम के भाषण का मूल अर्थ समझाएं, ऐसे बच्चों में समय के ख़लीफा से प्यार पैदा होगा। अगर इस समय बच्चों के जीवन और दिल में ख़लीफा का प्यार और मुहब्बत बैठ गई तो समझें कि आपके बच्चे सुरक्षित हो गए।

(शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

☆ ☆ ☆

ख़ुत्बः जुमअः

दुआओं की स्वीकृति के लिए अल्लाह तआला पर पूर्ण ईमान और उसे सब क़ुदरतों का मालिक समझते हुए उससे मांगना और उसकी आज्ञाओं का पालन करना आवश्यक हैं। इसके लिए अल्लाह तआला ने हमें क़ुरआन जैसी महान किताब प्रदान की है जिस में अल्लाह तआला के सभी आदेश सभी आदेशों और निषेध हैं।

कुरआन में कई आदेश हैं जिनके करने या न करने का अल्लाह तआला ने हमें आदेश दिया है जिनकी हमें समय-समय पर जुगाली करते रहना चाहिए दोहराते रहना चाहिए। इस समय मैंने कुछ आदेश लिए हैं। सबसे बुनियादी आदेश जो हमें हर समय अपने सामने रखना चाहिए और जो मनुष्य के जन्म का उद्देश्य भी है वह अल्लाह तआला की इबादत करना है।

मस्जिदों में नमाज जमाअत के साथ अदा करना भी अल्लाह तआला के हुकमों में से आदेश है। इसलिए इस रमज़ान में वाकफीन जीवन जिनका वादा है कि हम दीन को दुनिया में प्राथमिकता करने वालों में सबसे आगे रहने वाले हम में से की अपनी सारी शक्तियों के साथ कोशिश करेंगे और उहदेदार जिन पर लोगों की नज़र है और उन्हें उन्होंने चुना भी हुआ है चुना है कि हम में अच्छा कर रहे हैं वे एक नमूना होना चाहिए। उन्हें इस बात की पूरी कोशिश करनी चाहिए कि केवल रमज़ान में ही नहीं कि रमज़ान में ही अल्लाह तआला के बताए हुए तरीके के अनुसार इबादत पर जोर नहीं देना और दिन ही नहीं गिनते रहें कि शेष तेरह दिन रह गए या बारह दिन रह गए तो हम अपनी पुरानी चाल पर या दिनचर्या पर आ जाऐंगे लेकिन यह प्रयास हो कि रमज़ान के प्रशिक्षण और मुजाहिद ने हमें जो इबादतों को ध्यान में सुधार पैदा किया है उसे हम अब स्थायी जीवन का हिस्सा बनाना है।

हम में से हर एक को यह चिंता सबसे पहले रखनी चाहिए कि हम अपने जीवन के लक्ष्य को पूरा करने वाले बनें और इस रमज़ान को भी रमज़ान के बाद भी हमारा ध्यान अल्लाह तआला की इबादत की ओर रहे और इसके लिए जो मस्जिदों की आबादी का आदेश है उसे हम अपने सामने रखें।

फिर एक आदेश कुरआन में अल्लाह तआला वादों को पूरा करने और उनके प्रतिबंध का दिया है। इसमें ख़ुदा तआला से किए हुए वादा भी हैं और बन्दों के वादा भी।

इस विषय को समझने की जरूरत है कि एक मोमिन ने अपने सभी वादों और समझौतों को पूरा करना है। अगर इस बात के महत्त्व और तथ्य को हम समझ लें तो हर प्रकार के झगड़ों और धोखों और आरोपों से हमारा समाज मुक्त हो सकता है। पारिवारिक मामलों में भी जो समस्याएं पैदा होते हैं वे भी कभी पैदा न हों क्योंकि वहाँ भी वादे तोड़े जा रहे होते हैं।

समझौतों को जब मनुष्य तोड़ता है तो झूठ का सहारा लेता है और झूठ के बारे में अल्लाह तआला ने बड़ी कठोर डरा कर इससे बचने का आदेश दिया है।

अल्लाह तआला का आदेश हमें यह है और मुत्तकियों की अल्लाह तआला ने एक निशानी बताई है कि وَ الْكٰظِمِيْنَ الْغَيْظَ وَ الْعَافِيْنَ عَنِ النَّاسِ क्रोध को दबाने वाले हैं और लोगों को माफ करने वाले हैं।

अल्लाह तआला ने हमें कुरआन करीम में कुधारणा और टोह लेने से बचने और ग़ीबत न करने का आदेश दिया है।

रमज़ान में जब हम चाहते हैं कि अल्लाह तआला का तक्वा धारण करें उस की नज़दीकी हमें मिले अपनी नमाज़ों को हम स्वीकार होता हुआ देखें तो इन बुराइयों से बचने और अल्लाह तआला के आदेश का पालन करने के लिए हमें बहुत अधिक कोशिश करनी चाहिए। अल्लाह तआला हमें इसकी ताकत प्रदान करे कि हम सभी आदेशों का पालन करते हुए उसके नज़दीकी पाने वाले हों और रमज़ान के बाद भी हम में यह नेकियाँ स्थिर रहें। हम अल्लाह तआला के वास्तविक आबिद बनें और हम इसी की पूर्ण आज्ञापालन करने वाले हों

आदरणीय चौधरी ख़लीक अहमद साहिब पुत्र चौधरी बशीर अहमद साहब क्षेत्र गुलज़ार हिजरी ज़िला कराची की शहादत, शहीद मरहूम का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़,

दिनांक 24 जून 2016 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ ۔

पिछले ख़ुत्बा में इस बात का उल्लेख किया था कि अल्लाह तआला फरमाता है कि दुआओं की स्वीकृति के लिए अल्लाह तआला पर पूर्ण ईमान और उसे सब कुदरतों का मालिक समझते हुए उससे मांगना और उसकी आज्ञाओं का पालन करना आवश्यक है। अल्लाह तआला के क्या आदेश हैं। पिछले ख़ुत्बा में भी उल्लेख हो चुका है कि इसके लिए अल्लाह तआला ने हमें क़ुरआन जैसी महान किताब प्रदान की है जिस में अल्लाह तआला के सभी आदेश, सभी आदेश और निषेध मौजूद हैं। अल्लाह तआला ने जब यह फरमाया कि "फल्यसतजीबू ली।" कि मेरे बन्दे मेरे आदेश को स्वीकार करें। वे आदेश जो कुरआन करीम में मौजूद हैं उन्हें स्वीकार करें इस के परिणाम स्वरूप अल्लाह तआला दुआएं भी स्वीकार करेगा और नेकी भी प्राप्त होगी। ख़ुदा तआला फरमाता है कि अंत में क्या परिणाम निकलेगा "लअल्ला हुम युरशेदून।" ताकि वे बन्दे हिदायत पाएं और इस हिदायत के कारण मेरी नज़दीकी के नज़ारे देखें। वह सीधे मार्ग पर चलने वाले हों। उन का मार्गदर्शन हो। नेकियों पर चलने वाले हों। बुराइयों से बचने वाले हों। अपने जन्म के उद्देश्य को भी पूरा करने वाले हों और उच्च नैतिकता पर चलते हुए एक दूसरे के पक्ष भी

निभाने वाले हों। क्या इन चीज़ों की ज़रूरत केवल रमज़ान में है जिसके साथ विशेष उल्लेख किया गया है।? अगर हम रमज़ान में अल्लाह तआला की आज्ञाओं का पालन करेंगे तो किया स्थायी हिदायत प्राप्त करने वाले हो जाएं कि केवल रमज़ान में पालन कर लिया।? रमज़ान तो जिन बातों के लिए विशेष रूप से याद दिलाने के लिए आता है और आया है कि इस प्रशिक्षण और चेष्ठा के महीने में हम प्रशिक्षण लेकर, कोशिश करके या मुजाहद: करने की कोशिश कर के एक दूसरे को देख कर अल्लाह तआला के क़रीब होने के रास्ते तलाश करें। सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से अल्लाह तआला की आज्ञाओं का पालन कर के इस के हम करीब हों और अपनी दुआओं की स्वीकृति की गुणवत्ता प्राप्त करने की कोशिश करने वाले हों ताकि फिर हम स्थायी अल्लाह तआला की नज़दीकी प्राप्त करके अपनी अगली दुनिया संवारने वाले बन सकें। हम में से कुछ अच्छा पालन करने वाले हैं, बेहतर इबादतें करने वाले हैं बेहतर चरित्र वाले हैं। इसलिए इकट्ठा होते हैं एक साथ आते हैं और एक दूसरे को सामूहिक रूप से इन दिनों में देखने का मौका मिलता है तो इससे अपनी हालत की ओर भी ध्यान होता है।

कुरआन में कई आदेश हैं जिनके करने या न करने का अल्लाह तआला ने हमें आदेश दिया है। जिनकी हमें समय-समय पर जुगाली करते रहना चाहिए, दोहराते रहना चाहिए। इस समय मैंने कुछ आदेश लिए हैं।

सबसे बुनियादी आदेश जो हमें हर समय अपने सामने रखना चाहिए और जो मनुष्य के जन्म का उद्देश्य भी है वह अल्लाह तआला की इबादत करना है। जैसा कि अल्लाह तआला फरमाता है कि وَ مَا خَلَقْتُ الْجِنَّ وَ الْاِنْسَ اِلَّا لِيَعْبُدُوْنِ (अज़्ज़ारियात 57) हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इसका अनुवाद यूं फरमाया है कि "मैं ने जिन व अनस को इसलिए पैदा किया है कि वे मेरी इबादत करें।

(बराहीन अहमदिया भाग 3 रूहानी ख़ज़ायन भाग 1 पृष्ठ 185 हाशिया)

इस लेख को मैं कई बार वर्णन कर चुका हूँ। प्राय ध्यान दिलाता रहता हूँ, लेकिन हम में से बहुत से कुछ दिन इसे याद रखते हैं फिर भूल जाते हैं यहां तक कि मेरी जानकारी में भी है मैंने देखा है कि कुछ वाकफीन ज़िन्दगी बल्कि वे जिन्होंने धार्मिक ज्ञान भी प्राप्त किया हुआ है और ज्ञान के मामले में इसके महत्त्व को समझते भी हैं वे भी इस ओर ध्यान नहीं देते जिस तरह ध्यान देना चाहिए। फिर जमाअत के उहदेदार हैं मज्लिसों में तो अपनी बौद्धिक योग्यता दिखाने की कोशिश करते हैं। किसी का मामला पेश हो जाए तो उसे कुरआन और हदीस के बारे में समझाते हैं लेकिन कुछ ऐसे हैं खुद इस बुनियादी आदेश पर वे ध्यान नहीं जो होना चाहिए।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्ससलाम एक जगह फरमाते हैं कि

"तुम इस बात को समझ लो कि तुम्हारे बनाने से ख़ुदा तआला की इच्छा है कि तुम उसकी इबादत करो और इसके लिए बन जाओ। दुनिया तुम्हारा मूल उद्देश्य न हो। मैं इसलिए बार बार इस बात का वर्णन करता हूँ कि मेरे पास यही एक बात है जिसके लिए इंसान आया है। और यही बात है जिस से वे दूर पड़ा हुआ है।"

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 183-184 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

आप अलैहिस्सलाम ने इस बात की आगे व्याख्या फरमाई कि दुनिया को उद्देश्य न करने से यह मतलब नहीं है कि तुम सांसारिक काम न करो बेशक वह भी करो लेकिन जो इबादत की ज़िम्मेदारी है बल्कि जो जन्म का उद्देश्य है वह तुम्हारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

आजकल रमज़ान में इस पर सामान्यत: पालन हो रहा है। रात इशा की नमाज़ भी पश्चिमी देशों में बहुत देर से होती है। नमाज़ समाप्त होते होते ग्यारह सवा ग्यारह बज ही जाते हैं। फिर कुछ तरावीह भी पढ़ते हैं। मस्जिदों में तरावीह की भी व्यवस्था है। घर जाकर सोते सोते बारह साढ़े बारह बज जाते हैं। फिर दो अढ़ाई बजे सहरी खाने के लिए जागते भी होंगे। कुछ नफिल भी पढ़ते हैं। मस्जिद में नमाज़ पर भी आते हैं। तो यह बात प्रमाणित करती है कि अगर इरादा हो, केवल ज्ञान के महत्त्व का ही पता न हो बल्कि व्यावहारिक कोशिश भी हो तो इबादत का जो सबसे अच्छा स्थान है नमाज़ इसमें सुस्ती न दिखाएँ बल्कि कोशिश कर के आया करें। मस्जिदों में नमाज़ जमाअत के साथ अदा करना भी अल्लाह तआला के हुकमों में से आदेश है। इसलिए इस रमज़ान में वाकफीन ज़िन्दगी जिनका वादा है कि हम धर्म को दुनिया में प्राथमिकता करने वालों में सबसे आगे रहने वालों में से अपनी सारी शक्तियों के साथ कोशिश करेंगे और उहदेदार जिन पर लोगों की नज़र है और उन्हें उन्होंने चुना भी इस लिए हुआ है, चुना है कि हम में अच्छा कर रहे हैं वे एक नमूना होने चाहिए। उन्हें इस बात की पूरी कोशिश करनी चाहिए कि केवल रमज़ान में ही अल्लाह तआला के बताए हुए तरीके के अनुसार इबादत पर जोर नहीं देना और दिन ही नहीं गिनते रहें कि शेष तेरह दिन रह गए या बारह दिन रह गए तो हम अपनी पुरानी चाल पर या दिनचर्या पर आ जाऐंगे बल्कि यह प्रयास हो कि इस रमज़ान के प्रशिक्षण और मुजाहिदा ने हमें जो इबादतों को ध्यान में सुधार पैदा किया है उसे हम अब स्थायी जीवन का हिस्सा बनाना है। अपने नमूने स्थापित करने हैं। जैसा कि मैंने हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उद्धरण पेश किया जिसमें आप ने बड़े दर्द से यह ध्यान दिलाया और फरमाया कि मैं बार बार ध्यान दिलाता हूं। इस बारे में कुछ और अंश प्रस्तुत करता हूँ जिससे इसकी अधिक व्याख्या होती है।

हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक जगह फरमाते हैं

"जब ख़ुदा तआला का इरादा मानव सृष्टि से केवल इबादत है तो मोमिन की शान नहीं कि किसी दूसरी चीज़ को मूल उद्देश्य बना ले। नफस के अधिकार तो वैध हैं मगर नफस का सीमा से बढ़ जाना जायज़ नहीं। नफस के अधिकार भी इसलिए मान्य हैं कि ताकि वह क्षीण होकर रह ही न जाएं। तुम भी उन चीजों को इस लिए काम में लाओ। उनसे काम इसलिए लो कि यह तुम्हें इबादत के योग्य बनाए रखें। न इसलिए कि वही तुम्हारा मूल उद्देश्य हों।"

(मल्फूज़ात भाग 5 पृष्ठ 248-249 प्रकाशन 1985 ई)

नफस के अधिकार के अदा करने का हदीस में उल्लेख आया है। आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि तुम्हारे नफस का भी तुम पर अधिकार है। (बुख़ारी किताबुस्सौम हदीस 1968)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि वास्तव में यह सही है लेकिन इसमें मध्य मार्ग होना चाहिए। नफस के जो वैध अधिकार हैं वे अदा करो क्योंकि यह अधिकार अल्लाह तआला ने मानव प्रकृति में रखे हैं इसलिए उन्हें अदा करना तो बहरहाल आवश्यक है। उन्हें अपने लाभ और उपयोग में लाओ वरना कई चीज़ें ऐसी हैं अगर उन्हें इस्तेमाल न किया जाए पूरा हक न अदा किया नफ्स का तो कुछ इन्द्रियां समाप्त हो जाती हैं और जो मानव जन्म का लक्ष्य नहीं है बल्कि इबादत के उद्देश्य के साथ ही इन चीजों का इस्तेमाल करना भी आवश्यक है। अल्लाह तआला की पैदा किए हुए गुणों और शक्तियों का उपयोग करना ज़रूरी है और न प्रयोग करना अल्लाह तआला का कृतघ्न है। एक सहाबिया थीं। उनका बुरा हाल था। न तैयार होती थीं न कंघी करती थीं किसी ने उनके बारे में आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सेवा में निवेदन किया कि इस तरह रहती हैं। आपने बुला भेजा। उन्होंने कहा, मैं किसके लिए तैयार हूँ।? मेरे पति तो दिन को भी इबादत करता है रात में भी इबादत करता है। तो आप ने पति को बुलाकर कहा कि तुम्हारे नफस का भी तुम पर हक है तुम्हारी पत्नी का भी तुम पर हक है।

(मुस्नद अहमद बिन हंबल भाग 8 पृष्ठ 531 हदीस 26839 मुस्नद हज़रत आयशा प्रकाशक अलमुल कुतब बैरूत 1998 ई)

इसलिए अधिकार हर तरह के अदा होने चाहिए लेकिन जो जन्म का लक्ष्य है उसे बहरहाल सामने रखना चाहिए। स्वयं के अधिकार भी अदा होंगे तो सेहत रहेगी और जब सेहत रहेगी तो इबादत भी सही ढंग से हो सकेगी।

फिर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं

"कि अनुचित उपयोग से हलाल भी हराम हो जाता है। फरमाया कि وَ مَا خَلَقْتُ الْجِنَّ وَ الْاِنْسَ اِلَّا لِيَعْبُدُوْنِ (अज़्ज़ारियात 57)से स्पष्ट है कि मनुष्य केवल इबादत के लिए बनाया गया है अत: इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए जितनी चीज़ की आवश्यकता है अगर अधिक लेता है तो यद्यपि वह वस्तु हलाल ही हो मगर व्यर्थ के कारण से उसके लिए हराम हो जाती है।" प्रत्येक वस्तु का वैध उपयोग ठीक है लेकिन अगर अत्यधिक उपयोग है तो वह हलाल भी हराम हो जाता है। फरमाया कि " जो मनुष्य रात दिन नफस के सुख में व्यस्त है वह इबादत का क्या हक़ अदा कर सकता है। मोमिन के लिए आवश्यक है कि वह एक कठोर जीवन व्यतीत करे लेकिन विलासिता में जीने से तो वह जीवन का कुछ भी अंश प्राप्त नहीं कर सकता।"

(मल्फूज़ात भाग 7 पृष्ठ 68 प्रकाशन 1985 ई)

फिर फरमाते हैं कि

"मूल उद्देश्य मनुष्य की सृष्टि का यह है कि वे अपने रब को पहचाने और उसका अनुपालन करे जैसा कि अल्लाह तआला ने फरमाया وَ مَا خَلَقْتُ الْجِنَّ وَ الْاِنْسَ اِلَّا لِيَعْبُدُوْنِ (अज़्ज़ारियात 57) मैंने जिन व इनसान को इसलिए पैदा किया है कि वे मेरी उपासना करें मगर अफसोस की बात है कि प्राय लोग जो दुनिया में आते हैं वयस्क होने के बाद बजाय अपने कर्तव्य को समझें और अपने जीवन के

उद्देश्य को ध्यान में रखें वह ख़ुदा तआला को छोड़कर दुनिया की ओर आकर्षित हो जाते हैं और संसार की संपत्ति और उसके सम्मानों के ऐसे शौक़ीन हैं कि ख़ुदा का हिस्सा बहुत ही छोटा होता है और कई लोगों के मन में तो होता ही नहीं कि वह दुनिया में डूब जाते हैं और फना हो जाते हैं। उन्हें ख़बर भी नहीं होती कि ख़ुदा भी कोई है। हां तब पता लगता है जब रूहों का निकालने वाला आकर जान निकाल लेता है।

(अल्हकम 24 सितम्बर 1904 ई पृष्ठ 1 जिल्द 8 नम्बर 32 उद्धरित तफसीर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

दुनिया के झनझटों से, दुनिया के कामों से उस समय निकलते हैं जब मौत का समय आता है, लेकिन बहुमत दुनिया वालों की तो ऐसी है कि मृत्यु के समय भी उन्हें सांसारिक धन और इसे संभालने की चिंता होती है। एक मोमिन की यह हालत नहीं होती लेकिन मौत के समय केवल इस ओर ध्यान हो कि दुनिया कैसे संभालनी है बल्कि सेहत में बहुत से ऐसे हैं कि ईमान लाने के बावजूद जो इस लक्ष्य को भूलकर जो जीवन का उद्देश्य है सांसारिक लक्ष्यों की खोज में अधिक चिंतित हैं। अत: हम में से हर एक को यह चिंता सबसे पहले रखनी चाहिए कि हम अपने जीवन के लक्ष्य को पूरा करने वाले बनें। और इस रमज़ान में भी और रमज़ान के बाद भी हमारा ध्यान अल्लाह तआला की इबादत की ओर रहे और इसके लिए जो मस्जिदों की आबादी का आदेश है उसे हम अपने सामने रखें।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने एक स्थान पर फरमाया कि "मनुष्य के मन में ख़ुदा की निकटता को प्राप्त करने का एक दर्द होना चाहिए, ख़ुदा की नज़दीकी हासिल करने का एक दर्द होना चाहिए। जिसके कारण से उसके यानी ख़ुदा तआला के निकट वह सार्थक चीज़ हो जाए।"

(मल्फूज़ात भाग 7 पृष्ठ 289 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

जब अल्लाह तआला के सानिध्य को पाने का दर्द होगा तो अल्लाह तआला के निकट वह मनुष्य मूल्यवान चीज़ बन जाता है।

इसलिए जो अल्लाह तआला के निकट सार्थक चीज़ हो जाए वही है जो वास्तविक नेकी पाने वाला वास्तविक हिदायत पाने वाला है और अल्लाह तआला के प्यार को पाने वाला है। अल्लाह तआला ने नमाज़ और इबादत के विषय को और भी बहुत जगह उल्लेख किया है। सूर: नूर में अल्लाह तआला फरमाता है कि

رِجَالٌ ۙ لَّا تُلْهِيْهِمْ تِجَارَةٌ وَّ لَا بَيْعٌ عَنْ ذِكْرِ اللّٰهِ وَ اِقَامِ الصَّلٰوةِ وَ اِيْتَآءِ الزَّكٰوةِ ۪ يَخَافُوْنَ يَوْمًا تَتَقَلَّبُ فِيْهِ الْقُلُوْبُ وَ الْاَبْصَارُ (अन्नूर 38)

कि ऐसे पुरुष जिन्हें न कोई व्यापार और न कोई खरीदना और बेचना अल्लाह तआला के स्मरण से या नमाज़ की स्थापना या ज़कात के अदा करने से असावधान करता है वह उस दिन से डरते हैं जिस में दिल डर से उलट पलट हो रहे होंगे और आँखें भी। इस आयत में उन लोगों का उदाहरण है जैसा कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने लिखा है कि वह ख़ुदा तआला के निकट सार्थक चीज़ हो जाएगा और यह सम्मान सबसे बढ़कर आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा को मिला है और वह अल्लाह तआला के प्यारे बने और अपने सहाबा के बारे आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें फरमाया है कि वह तुम्हारे लिए रास्ता दिखाने वाले हैं उनके पीछे चलो।

(मिश्कातुल मसाबीह भाग 2 जिल्द 2 पृष्ठ 414 किताबुल मनाकिब अस्सहाबा हदीस 6018 प्रकाशक दारुल कुतुब अलइलमिया बैरूत 2003 ई)

हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम इस आयत की व्याख्या में फरमाते हैं कि एक व्यक्ति का उल्लेख "तज़करतुल औलिया" में है कि एक व्यक्ति असंख्य रुपये के लेनदेन में व्यस्त था। एक वली उल्लाह ने उसे देखा और कश्फ की निगाह उस पर डाली तो उसे मालूम हुआ कि उसका दिल बावजूद इतने लेनदेन(के, कारोबार कर रहा है, पैसा आ रहा है, माल दे रहा है, ज़ाहिरी तौर पर व्यापार में व्यस्त है बावजूद इतना लेनदेन और) रुपए के ख़ुदा तआला से एकदम अनजान नहीं था। (कारोबार भी साथ कर रहा है लेकिन अल्लाह तआला से बेखबर नहीं हुआ। आप फरमाते हैं कि) ऐसे ही लोगों के बारे में ख़ुदा ने फरमाया है कि لَا تُلْهِيْهِمْ تِجَارَةٌ وَّلَا بَيْعٌ عَنْ ذِكْرِ اللّٰهِ कोई व्यापार और ख़रीद-फरोख्त उन्हें अनजान नहीं करती और मनुष्य का कमाल भी यही है कि सांसारिक कारोबार में भी व्यस्तता रखे और ख़ुदा को भी न भूले।" फरमाते हैं कि "वे टट्टू किस काम का जो समय पर बोझ लादने के बैठ जाता है और जब खाली हो तो ख़ूब चलता है। वह सराहनीय नहीं।" (टट्टू भी घोड़े की एक किस्म है जो बोझ लादने के लिए पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष रूप से इस्तेमाल किया जाता है।) फिर आप फरमाते हैं कि वह फकीर जो सांसारिक कार्यों से घबरा कर एकान्त वास हो जाता है वह एक कमज़ोरी दिखलाता है। (यह पहलू भी सामने होना चाहिए। इबादत लक्ष्य है लेकिन सांसारिक काम भी साथ साथ हों। जो फकीर एकान्त वास हो जाते हैं फरमाया कि वह कमज़ोरी दिखलाते हैं।) "इस्लाम में रहबानियत नहीं। हम कभी नहीं कहते कि महिलाओं और बाल-बच्चों को छोड़ दो और सांसारिक कारोबार को छोड़ दो। बल्कि कर्मचारी को चाहिए कि वह अपनी नौकरी के कर्तव्यों को अदा करे और व्यापारी अपने व्यापार के कारोबार को पूरा करे लेकिन धर्म को प्राथमिकता दे।" (यह शर्त है। इसका उदाहरण ख़ुद दुनिया में मौजूद है।) आप फरमाते हैं "इसका उदाहरण दुनिया में मौजूद है कि व्यापारी और कर्मचारी बावजूद इसके कि वह अपने व्यापार और रोज़गार को बहुत उत्कृष्टता से पूरा करते हैं फिर भी पत्नी बच्चे रखते हैं और उन के अधिकार बराबर अदा करते हैं।" (एक ओर व्यापार भी है रोज़गार भी हैं लेकिन घर की ज़िम्मेदारियां हैं बच्चों की ज़िम्मेदारी है। पत्नी के अधिकार हैं वे भी निभा रहे हैं। दोनों बातें साथ चल रही होती हैं। फरमाया कि "ऐसा ही एक इंसान इन सभी व्यवस्ताओं के साथ ख़ुदा तआला के अधिकार को निभा सकता है और धर्म को दुनिया में प्रथम रखकर बड़ी उत्कृष्टता से जीवन बिता सकता है।

(मल्फूज़ात भाग 9 पृष्ठ 206-207 प्रकाशन 1985 ई यू. के)

नमाज़ों की सुरक्षा के बारे में ख़ुदा तआला फरमाता है कि حٰفِظُوْا عَلَى الصَّلَوٰتِ وَ الصَّلٰوةِ الْوُسْطٰى ۗ وَ قُوْمُوْا لِلّٰهِ قٰنِتِيْنَ (अल्बकरह: 239) कि अपनी नमाज़ों की रक्षा करो विशेष कर केंद्रीय नमाज़ और अल्लाह तआला का अनुपालन करते हुए खड़े हो जाओ। इस आयत में विशेष रूप से उन लोगों के लिए नमाज़ की ओर ध्यान दिलाया गया है जिनके लिए कोई भी नमाज़ किसी भी तरह बोझ है। अगर सुबह की नमाज़ में देर रात तक जागने और सुस्ती के कारण शामिल होना मुश्किल है समय पर पढ़ना मुश्किल है तो यह ऐसे व्यक्ति के लिए मध्य नमाज़ है। अगर व्यापारी आदमी के लिए ज़ुहर अस्र की नमाज़ पढ़ना मुश्किल है तो यह उसके लिए मध्य नमाज़ है। "हाफज़ू" का अर्थ है कि ऐसी रक्षा जो किसी चीज़ को नष्ट होने से बचाए। अत: एक मोमिन की आज्ञा पालन तभी होता है जब वह अपनी नमाज़ समय पर अदा करने वाला हो और उनका हक़ अदा करते हुए नमाज़ अदा करने वाला हो। यह नहीं कि जल्दी-जल्दी आए और टकरें मार के चले गए।

फिर एक आदेश कुरआन में अल्लाह तआला ने वादों को पूरा करने और उनकी पाबन्दी का दिया है। इसमें ख़ुदा तआला से किए हुए वादे भी हैं और बन्दों के वादे भी। अल्लाह तआला के वादे अल्लाह तआला के धर्म के बारे में अहद हैं। मुसलमान होने और फिर हम अहमदियों को विशेष रूप से हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के बैअत में आने का जो वादा है। धर्म को दुनिया पर प्राथमिकता देने का जो हमने वादा किया है, इस्लाम की शिक्षा का पालन करने का जो हमने वादा किया है इन सभी बातों की पाबन्दी की प्रतिज्ञा है जो अल्लाह तआला के हक़ अदा करने के लिए ध्यान दिलाते हैं। बैअत के शर्तों में सारी बातें शामिल हैं और बन्दा का हक़ अदा करने की तरफ भी ध्यान दिलाती हैं। इस तरफ हमें ध्यान देना चाहिए। अल्लाह तआला फरमाता है कि وَ اَوْفُوْا بِعَهْدِ اللّٰهِ اِذَا عٰهَدْتُّمْ وَ لَا تَنْقُضُوا الْاَيْمَانَ بَعْدَ تَوْكِيْدِهَا وَ قَدْ جَعَلْتُمُ اللّٰهَ عَلَيْكُمْ كَفِيْلًا ۭ اِنَّ اللّٰهَ يَعْلَمُ مَا تَفْعَلُوْنَ

(अन्नहल: 92) और तुम अल्लाह तआला के वादे को पूरा करो जब तुम प्रतिज्ञा करो और कस्मों को उनके मज़बूत करने के बाद न तोड़ो जबकि अल्लाह तआला को अपने ऊपर प्रायोजक बना चुके हो अल्लाह तआला वास्तव में जानता है जो कुछ तुम करते हो।

इसलिए बड़ा स्पष्ट आदेश है कि तुम्हारे दो अहद हैं। एक अल्लाह तआला से क्या हुआ वादा जो वास्तव में इस्लाम की शिक्षा पर चलने का वादा है और बैअत की प्रतिज्ञा है। यह सकंल्प है कि इस्लाम में दाख़िल होकर मुसलमान कहला कर अल्लाह तआला की सभी आज्ञाओं का पालन करूंगा और दूसरी बात यह वर्णन कि तुम आपस में जो वादा और प्रतिज्ञा करते हो उन्हें भी पूरा करो। यद्यपि यहाँ अल्लाह तआला ने फरमाया है कि जब अल्लाह तआला को आप ज़मानत वाला बना लिया तो तुम्हारा इस वादा को पूरा करना आवश्यक है। इसका यह हरगिज़ अर्थ नहीं कि जहां स्पष्ट रूप से अल्लाह तआला का नाम लेकर अल्लाह तआला को ज़मानत वाला न बनाया जाए वहां वादा तोड़ दो तो कोई हर्ज नहीं। अपनी कस्मों को तोड़ दो तो कोई हर्ज नहीं प्रतिज्ञा का पालन न करो तो कोई हर्ज नहीं। नहीं बल्कि हर वादा जो तुम क्या करते हो हर अनुबंध जो तुम करते हो वह पहली बात तो यह है कि न्याय और सच्चाई पर आधारित होनी चाहिए और जब न्याय और सत्य का आधार बना कर करते हो तो अल्लाह तआला का यह आदेश है कि इसी तरह होना चाहिए क्योंकि

एक मोमिन न्याय और सत्य पर स्थिर होना ज़रूरी है। मानो दूसरे शब्दों में चाहे हम अल्लाह तआला की क़सम खा कर या उसे ज़मानत वाला बनाकर कोई अनुबंध करें या नहीं लेकिन क्योंकि अल्लाह तआला की शिक्षा है कि तुम न्याय और सत्य पर स्थिर रहो,इसलिए जो सन्धि भी न्याय और सत्य पर आधारित होगी वह अल्लाह तआला की गारंटी के नीचे आ जाएगी। तो इस विषय को समझने की ज़रूरत है कि एक मोमिन ने अपने सभी वादों और समझौतों को पूरा करना है। अगर इस बात के महत्त्व और तथ्य को हम समझ लें तो हर प्रकार के झगड़ों और धोखों और आरोपों से हमारा समाज मुक्त हो सकता है। पारिवारिक मामलों में भी जो समस्याएं पैदा होते हैं वे भी कभी पैदा न हों क्योंकि वहाँ भी वादे तोड़े जा रहे हैं आजकल मैंने देखा है सांसारिक लालचों के कारण हमारे अंदर भी अनुबंधों को तोड़ने और धोखा देने और ज़बान की स्वीकारोक्ति को पूरा न करने के मामले बढ़ रहे हैं और इन बातों से न केवल यह की जमाअत की बदनामी होती है बल्कि कई बार ऐसे लोगों का ईमान भी बर्बाद हो जाता है।

समझौतों को जब मनुष्य तोड़ता है तो झूठ का सहारा लेता है और झूठ के बारे में अल्लाह तआला ने बड़ा कठोर डरा कर इससे बचने का आदेश दिया है। फरमाता है فَاجْتَنِبُوا الرِّجْسَ مِنَ الْأَوْثَانِ وَاجْتَنِبُوا قَوْلَ الزُّوْرِ (अल्हज्ज: 31) मूर्तियों की गन्दगी से बचो और झूठ कहने के बचो। इस बारे में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं

"मुझे इस समय इस नसीहत की ज़रूरत नहीं कि तुम खून न करो, (कत्ल न करो किसी का खून न बहाओ।) क्योंकि सिवाय बहुत अधिक दुष्ट के कौन ग़लत रूप से ख़ून की ओर कदम उठाता है, लेकिन मैं कहता हूँ कि अन्याय पर ज़िद करके के सच्चाई का खून मत करो। सच्चाई को स्वीकार कर लो चाहे एक बच्चे से। (यदि बच्चा भी कोई सच्ची बात कहता है तो स्वीकार कर लो फिर ज़िद मत करो) और यदि प्रतिद्वंद्वी की ओर सच को पाओ तो तुरन्त अपने सूखे तर्क को छोड़ दो। (अगर तुम्हारा विरोधी है और कोई सच्ची बात कहता है। लड़ाई झगड़े हो रहे हैं। देख लो कि दूसरी तरफ सच्चाई है तो बहस करने की ज़रूरत नहीं। फिर तर्क झाड़ने की जरूरत नहीं। फिर सत्य को स्वीकार करो।) फरमाया कि सच पर ठहर जाओ और सच्ची गवाही दो जैसा कि प्रतापी अल्लाह तआला फरमाता है فَاجْتَنِبُوا الرِّجْسَ مِنَ الْأَوْثَانِ وَاجْتَنِبُوا قَوْلَ الزُّوْرِ अर्थात मूर्तियों की गन्दगी से बचो और झूठ से भी कि वह मूर्ति से कम नहीं है। जो चीज़ सच्चाई की ओर से तुम्हारा मुंह फेरती है वह तुम्हारी राह में बुत है। (जो सच्चाई अपनाने से तुम्हें हटा दे वह बुत है। सच्ची गवाही दो चाहे तुम्हारे बापों या भाइयों या दोस्तों पर हो। चाहिए कि कोई वैर भी तुम्हें इंसाफ से रोकने वाली न हो।"

(इज़ाला औहाम ,रूहानी ख़ज़ायन भाग 3 पृष्ठ 550)

हम दूसरों को तो यह बात बताते हैं और कुरआन की यह शिक्षा दिखाते हैं कि यह न्याय की शिक्षा है लेकिन बहुत सारे हम में से ऐसे हैं जब हमारे अपने मामले आते हैं तो इस बात को भूल जाते हैं।

फिर एक अवसर पर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि

"मूर्ति पूजा के साथ इस झूठ को मिलाया है। (झूठ को मूर्ति पूजा के साथ मिलाया है।) जैसा मूर्ख इंसान अल्लाह तआला को छोड़कर पत्थर की तरफ सिर झुकाता है वैसे ही सच्चाई और सत्यता को छोड़ कर अपने मतलब के लिए झूठ को मूर्ति बनाता है। यही कारण है कि अल्लाह तआला ने उसे मूर्ति पूजा के साथ मिलाया और इस से तुलना दी है जैसे एक बुत की पूजा करने वाला उस से मुक्ति चाहता है। (अर्थात मूर्ति बनाकर उसके पास पूजा करने के लिए जाता है, समझता है कि मैं इसकी इबादत करूंगा या अपने गुनाहों की क्षमा मांगूंगा तो मुझे मुक्ति मिल जाएगी या मेरे लक्ष्य हल हो जाएंगे।) फरमाया कि "झूठ बोलने वाला भी अपनी ओर से मूर्ति बनाता है और समझता है कि इस मूर्ति के द्वारा उद्धार हो जाएगा।" (मैं झूठ बोलूँगा तो मेरा मामला तय हो जाएगा) फरमाया "कैसी त्रुटि आकर पड़ी है अगर कहा जाए कि क्यों बुत की इबादत करते हो इस दोष को छोड़ दो। तो कहते हैं क्यों छोड़ दें इस के बिना गुज़ारा नहीं होता। इससे बढ़कर और क्या दुर्भाग्य होगा कि झूठ पर अपना अधिकार समझते हैं मगर मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूँ कि आख़िर सच ही सफल होता है। भलाई और जीत उसी की है निसन्देह याद रखो झूठ जैसी कोई मनहूस बात नहीं। आमतौर पर दुनियादार कहते हैं कि सच बोलने वाले गिरफ्तार होते हैं मगर मैं कैसे इसे विश्वास करूं ? मुझ पर सात मुकद्दमे हुए हैं और ख़ुदा तआला की कृपा से किसी एक में भी एक शब्द भी मुझे झूठ कहने की जरूरत नहीं पड़ी। कोई बताए कि किसी एक में भी ख़ुदा तआला ने मुझे पराजित किया हो। अल्लाह तआला तो आप सच्चाई का समर्थक और सहायक है यह हो सकता है कि वह नेकों को सज़ा दे? (यह कैसे हो सकता है) अगर ऐसा हो तो दुनिया में कोई व्यक्ति सच बोलने का साहस न करे।" (यदि सच्चों को सज़ा मिलनी शुरू हो जाए तो फिर तो कोई दुनिया में कोई सच बोले ही न) फरमाया और "ख़ुदा तआला पर से ही विश्वास उठ जाए। सच्चे तो ज़िंदा ही मर जाएं। मूल बात यह है कि सच बोलने से जो सज़ा पाते हैं। (सच बोला और अगर फिर भी सज़ा मिल गई) तो वह सच के कारण से नहीं होती वह सज़ा उन्हें कुछ और छिपी हुई बुराइयों की होती है और किसी और झूठ की सज़ा होती है। ख़ुदा तआला के पास तो उनकी बुराइयों और कुटिलता की एक श्रृंखला है। उनकी कई अपराध होते हैं और किसी न किसी में वह सज़ा पा लेते हैं।"

(अहमदी और ग़ैर अहमदी में किया अन्तर है? रूहानी ख़ज़ान भाग 20 पृष्ठ 478-480)

तो अल्लाह तआला के सामने हमेशा विनम्रता से झुकते हुए हमें अपने गुनाहों की क्षमा मांगते रहना चाहिए कि अल्लाह तआला की पकड़ में हम अपने किसी छुपे हुए गुनाह के कारण से न आ जाएं।

अल्लाह तआला का हमें यह आदेश है और मुत्तकियों की अल्लाह तआला ने एक निशानी यह बताई है कि

وَالْكٰظِمِيْنَ الْغَيْظَ وَالْعَافِيْنَ عَنِ النَّاسِ ؕ وَاللّٰهُ يُحِبُّ الْمُحْسِنِيْنَ

(आले इम्रान :135) क्रोध को दबाने वाले और लोगों को माफ करने वाले हैं। "अफ़ू" का अर्थ है कि अपने ख़िलाफ किए गए अपराध को पूरी तरह से भुला कर किसी को माफ कर देना। यह "अफ़ू" है। इसलिए मुत्तकी वह है जो न केवल क्रोध को दबाने वाला हो बल्कि माफ करने वाला भी हो और फिर माफ इस तरह करे कि जिसने भी मेरे ख़िलाफ अपराध किया है उसे मैं भूल जाऊं। इस बारे में स्पष्टीकरण फरमाते हुए कि क्रोध को दबाने के क्या लाभ हैं हज़रत अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि

"याद रखो कि बुद्धि और जोश में ख़तरनाक दुश्मनी है। जब जोश और ग़ुस्सा आता है तो बुद्धि कायम नहीं रह सकती लेकिन जो धैर्य करता है और विवेक का नमूना दिखाता है उसे एक नूर दिया जाता है जिससे उसकी बुद्धि और चिंता की ताकतों में एक नई रोशनी पैदा हो जाती है और फिर नूर से नूर पैदा होता है। ग़ुस्सा और जोश की हालत में जब मन में अंधेरे होते हैं इसलिए फिर अंधेरे से अंधेरा पैदा होता है।"

(मल्फूज़ात भाग 3 पृष्ठ 180 प्रकाशन 1985 ई यू.के)

फिर एक जगह आप ने फरमाया कि "याद रखो जो व्यक्ति सख्ती करता है और क्रोध में आ जाता है उसकी ज़बान से ज्ञान और हिकमत की बातें कभी नहीं निकल सकतीं। वह दिल ज्ञान की बातों से वंचित किया जाता है जो अपने प्रतिद्वंद्वी के सामने शीघ्र क्रोध में आकर आपे से बाहर हो जाता है। गंदी भाषा और बेलगाम होकर होंठ अच्छी बातों के चश्मे से हतभागी और वंचित की जाती है।" (जब गंदी बातें निकलती हैं। गंदे शब्द निकल रहे हों गालियां निकल रही हों तो कोई उस पर रोक टोक नहीं होती। तो फिर जो अच्छी बातें हैं जो अल्लाह तआला की तरफ से बातें हैं जो नेकी की बातें हैं उन से फिर वंचित हो जाती है। फिर हमेशा ऐसे लोग गंद ही बकते हैं।) फरमाया कि "क्रोध और ज्ञान दोनों जमा नहीं हो सकते। जो गज़ब के अधीन होता है उसकी बुद्धि मोटी और बुद्धि कुंद होती है। (गुस्से में आ गए तो मोटी बुद्धि हो गई और फिर सोचने समझने की योग्यता भी समाप्त हो जाती हैं।) फरमाया कि (इस को किसी क्षेत्र में प्रभुत्व और सहायता नहीं दी जाती। "गज़ब आधा जुनून है जब यह भड़का है तो पूरा जुनून हो सकता है।"

(अल्हकम 10 मार्च 1903 ई पृष्ठ 1 जिल्द 7 नम्बर 9 उद्धरित तफसीर हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम भाग 2 पृष्ठ 153)

फिर एक अवसर पर आप ने फरमाया कि "मर्द को चाहिए कि अपनी शक्तियों को यथा योग्य और वैध अवसर पर प्रयोग करे। जैसे एक शक्ति ग़ज़ब की है जब वह मामूली से अधिक हो तो जुनून का पूर्वावलोकन होती है। जुनून और इसमें बहुत थोड़ा अंतर है। (क्रोध और जुनून में, पागलपन में बहुत थोड़ा अंतर है) जो आदमी गज़ब के अधीन होता है इस से हिक्मत का स्रोत छीन लिया जाता है बल्कि अगर कोई विरोधी हो तो भी ग़ज़ब के अधीन हो कर बातचीत न करे।

(मल्फूज़ात भाग 5 पृष्ठ 208 प्रकाशन 1985 ई यू.के)

अगर कोई तुम्हारा विरोधी भी है तब भी ग़ुस्सा में आकर ऐसे उग्र होकर बात न करो बल्कि फिर भी हिक्मत से बात करनी चाहिए। अत: अल्लाह तआला के आदेश जहां हमारी नैतिक तरक्की करके हमें अल्लाह तआला की निकटता दिलाते है वहाँ हमारी अकलों को भी तेज़ी प्रदान करते हैं और इसके साथ कई शत्रुताओं और नुकसानों से भी व्यक्ति बच जाता है। अक्सर ग़ुस्सा में आने वालों और लड़ने वालों को नुकसान उठाते ही देखा गया है। कभी लाभ तो नहीं हुआ।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक जगह फरमाते हैं कि

"दो ताकतें मनुष्य को जुनूनी बना देती हैं (कौन सी दो शक्तियां?।) एक कुधारणा और एक प्रकोप जबकि सीमा से अधिकता को पहुँच जावें। (जब सीमा तक पहुँच जाएं तो यह बातें तो इंसान को पागल बना देती हैं।) इसलिए आवश्यक है कि मनुष्य कुधारणा और क्रोध से बहुत बचे। आपने फरमाया अनिवार्य है कि इंसान कुधारणा और क्रोध से बहुत बचे।

(मल्फूज़ात भाग 6 पृष्ठ 104 प्रकाशन 1985 ई यू.के)

कुधारणा से बचने के लिए अल्लाह तआला ने हमें कुरआन में भी आदेश दिया है। अल्लाह तआला फरमाता है कि يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اجْتَنِبُوْا كَثِيْرًا مِّنَ الظَّنِّ ۫ اِنَّ بَعْضَ الظَّنِّ اِثْمٌ وَّلَا تَجَسَّسُوْا وَلَا يَغْتَبْ بَّعْضُكُمْ بَعْضًا ؕ اَيُحِبُّ اَحَدُكُمْ اَنْ يَّاْكُلَ لَحْمَ اَخِيْهِ مَيْتًا فَكَرِهْتُمُوْهُ ؕ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ تَوَّابٌ رَّحِيْمٌ (अल्हुजरात :13)

हे लोगो जो ईमान लाए हो कुधारणा से बहुत अधिक बचो बेशक कुछ कुधारणाएं गुनाह होते हैं और जिज्ञासा न किया करो और तुम में से कोई एक दूसरे की चुग़ली न करे। किया तुम में से कोई यह पसंद करता है कि अपने मृत भाई का मांस खाए अत: तुम इससे सख्त घृणा करते हो और अल्लाह तआला का तक्वा धारण करो। बेशक अल्लाह तआला तौबा स्वीकार करने वाला और बार बार दयालु है।

इस आयत में पहली बात जिससे बचने का उल्लेख है वह कुधारणा है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि "कुधारणा ऐसा रोग और ऐसी बुरी बला है जो इंसान को अंधा कर के आदमी को मौत के अंधेरे कुएं में गिरा देती है।

(मल्फूज़ात भाग 1 पृष्ठ 100 प्रकाशन 1985 ई यू.के)

